vi. अर्धवृत्त का कोण .................. होता है।

vii. चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोनो का योग .............. होता है।

viii. यदि किसी वृत्त की त्रिज्याएँ बराबर हो तो वे ............. होते हैं।

ix. वृत के केंद्र से वृत की जीवा पर डाला गया लम्ब जीवा को ................ करता है।

x. वृत की परिधि के किन्ही दो बिन्दुओं को मिलाने वाले रेखाखण्ड को वृत्त की ........... कहते हैं।

xi. वृत के एक ही खण्ड के कोई दो कोण .............होते हैं।

प्रश्न–3) सत्य / असत्य लिखिए।

i. केन्द्र को वृत्त पर किसी बिन्दु से मिलाने वाला रेखाखण्ड वृत्त की त्रिज्या होती है।
ii. एक वृत्त में समान लंबाई की परिमित जीवाएं होती है।
iii. यदि एक वृत्त को तीन बराबर चापों में बॉट दिया जाए, तो प्रत्येक भाग दीर्घ चाप होता है।
iv. वृत्त की जीवा जिसकी लंबाई तृज्या से दो गुनी हो, वृत्त का ब्यास है।
v. तृज्यखण्ड, जीवा एवं संगत चाप के बीच का क्षेत्र होता है।
vi. वृत्त एक समतल आकृति है।
vii. दीर्घ वृत्तखण्ड में आन्तरिक कोण न्यून कोण होता है।
viii. वृत्त की सामान जीवायें केंद्र पर सामान कोण अंतरित करती हैं।
ix. वृत्त की सबसे बड़े जीवा त्रिज्या कहलाती हैं।
x. अर्धवृत्त में अंतरित कोण समकोण होता है।
xi. यदि दो वृत्तों की त्रिज्याएँ सामान हो तो वे वृत्त सर्वागसम होती हैं।
xii. तीन असंरेख बिन्दुयों से होकर एक वृत्त खींचा जा सकता है।
xiii. त्रिज्याखण्ड जीवा एवं संगत चाप के बीच का क्षेत्र होता है।
xiv. एक वृत्त में सामान लम्बाई की सीमित जीवायें होती हैं।
xv. केंद्र को वृत्त पर किसी बिंदु से मिलाने वाला रेखाखण्ड वृत्त की त्रिज्या होती हैं।


प्रश्न–4) एक शब्द / वाक्य में उत्तर दीजिए।

i. एक वृत्त, जिस तल पर स्थित है, उसे कितने भागों में विभाजित करता है ?
ii. उस जीवा को जो वृत्त केन्द्र से होकर जाती है क्या कहलाती है ?
iii. वृत्त किसे कहते है ?
iv. यदि दो वृत्त परस्पर दो बिन्दुओं पर प्रतिच्छेद करें, तो उनके केन्द्र उभयनिष्ठ जीवा के लम्ब समद्विभाजक पर स्थित होता है अथवा नहीं।
v. अर्धवृत्त में आन्तरिक कोण कैसा होता है?
vi. दीर्घ वृत्तखण्ड में आन्तरिक कोण कैसा होता है?
vii. लघु वृत्त खण्ड में आन्तरिक कोण कैसा होता है?
viii. चक्रीय समान्तर चतुर्भुज क्या कहलाता है?
ix. चक्रीय सम चतुर्भुज क्या कहलाता है?
x. एक बिंदु से एक रेखा पर लांब की लम्बाई रेखा की बिंदु से क्या कहलाती है?
xi. यदि कोई बिंदु रेखा पर स्थित है तो रेखा से उसकी दूरी क्या होगी?
xii. दो सर्वंग्सम वृत्तों की त्रिज्याओं में क्या सम्बन्ध होता है?
xiii. वृत्त के अन्दर का भाग क्या कहलाता है?
xiv. वृत्त एवं वृत्त के बहार का भाग क्या कहलाता है?


**प्रश्न 5-** **सही जोड़ी बनाइएः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | अर्धवृत्त का कोण | **अ-** | व्यास होती है |
| (ii) | चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोनो का योग | **ब-** | वृत्त के केंद्र से होकर जाता है |
| (iii) | चक्रीय समचतुर्भुज | **स-** | $90^0$ |
| (iv) | वृत्त की सबसे बड़ी जीवा | **द-** | बराबर |
| (v) | किसी जीवा का लम्बार्धक | **इ-** | वर्ग होता है |
| (vi) | दो बराबर वृत्तों को त्रिज्याएँ | **फ-** | $180^0$ |

प्रश्न 6 - दिये गये चित्र से $x$ का मान ज्ञात कीजिये।




प्रश्न 7 -दिये गये आकृति से $x$ का मान ज्ञात कीजिये।




प्रश्न 8 - वृत्त की चाप, चाप द्वारा केंद्र पर बना कोण और वृत्त को त्रिज्या में सम्बन्ध लिखिए।

प्रश्न 9 - एक दिये हुए वृत्त का केंद्र मालूम करने की विधि लिखिए।

प्रश्न 10 - वृत्त की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 11 - वृत्त की जीवा व वृत्त के व्यास से क्या समझते हैं।

प्रश्न 12 - सिद्ध करो की वृत्त की एक ही अवधा व बने दो कोण बराबर होते हैं।

प्रश्न 13 - एक बिंदु से एक रेखा पर रेखा की बिंदु से दूरी कैसे ज्ञात करेंगे?

प्रश्न 14 - दो वृत्तों के सर्वांगसम होने कि स्थिति लिखिए।

प्रश्न 15 - किसी चक्रीय चतुर्भुज में $\angle A = 100^0 \angle B = 50^0 \angle D = 130^0$ तो $\angle C$ का मान ज्ञात कीजिये।

प्रश्न 16 - 5CM त्रिज्या वाले वृत्त के केंद्र से 3 CM की दूरी पर स्थित जीवा की लम्बाई ज्ञात कीजिये।

प्रश्न 17 - क्या तीन संरेख बिन्दुओं से होकर एक वृत्त खींचा जा सकता हैं? अपने उत्तर का औचित्य दीजिये।

प्रश्न 18 - ABCD एक चक्रीय चतुर्भुज है जिसमे $\angle A = 90^0$, $\angle B = 70^0$, $\angle C = 95^0$ और $\angle D = 105^0$ है क्या कथन सत्य या असत्य है अपने उत्तर तर्क सहित व्याख्य कीजिये।

प्रश्न 19 - निम्न की परिभाषा लीजिये।

(i) वृत्त का केंद्र (ii) अर्धवृत्त

प्रश्न 20 - दो संकेन्द्रीय वृत्त कि परिभाषा चित्र सहित समझिए।

प्रश्न 21 - सिद्ध करो की वृत्त के केंद्र से जीवा पर डाला गया लांब जीवा को समद्विभाजित करता है।

प्रश्न 22 - सिद्ध करो कि वृत्त के केंद्र से और जीवा के मध्य बिंदु को मिलाने वाली रेखा जीवा पर लांब होती है।

प्रश्न 23 - सिद्ध करो की वृत्त की बराबर जीवायें केंद्र पर बराबर कोण अंतरित करती हैं।

प्रश्न 24 - यदि एक वृत्त की जीवाओं द्वारा केंद्र पर अंतरित कोण बराबर हो तो वे जीवाएं बराबर होती हैं।

प्रश्न 25 - सिद्ध करो कि वृत्त की बराबर जीवायें केंद्र से सामान दूरी पर होती हैं।

प्रश्न 26 - सिद्ध करो की वृत्त के केंद्र से समदूरस्थ जीवायें लम्बाई में सामान होती हैं।

प्रश्न 27 - किसी वृत्त में जीवा की लम्बाई 16 CM है और वृत्त के केंद्र से जीवा की लम्बाई 6cm तो वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिये।

प्रश्न 28 - सिद्ध कीजिये की चक्रीय समान्तर चतुर्भुज आयत होता है।

प्रश्न 29 - किसी त्रिभुज ABC में यदि $\angle A$ का समद्दिभाजक तथा BC का लम्ब समद्दिभाजक प्रतिछेद करें तो सिद्ध कीजिये कि वे $\Delta ABC$ के परिवृत्त पर प्रतिछेद करेंगे।

प्रश्न 30 - किसी वृत्त की दो समान्तर जीवाओं की लम्बाईयां 6CM और 8CM है। यदि छोटी जीवा केंद्र से 4CM की दूरी पर हो तो दूसरी जीवा केंद्र से कितनी दूर है?


प्रश्न 31 - सिद्ध करो की तीन असंरेख बिन्दुओं से होकर एक और केवल एक वृत्त खींचा जा सकता है।

प्रश्न 32 - सिद्ध करो की चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोणों का योगफल $180^0$ होता है।

प्रश्न 33 - सिद्ध करो की किसी चतुर्भुज के अंतः कोणों के समद्दीभाजको से बना चतुर्भुज चक्रीय होता है।


प्रश्न 34 - सिद्ध करो की एक चाप द्वारा केंद्र पर अंतरित कोण वृत्त के शेष भाग के किसी बिंदु पर अंतरित कोण का दुगना होता है।

प्रश्न 35 - यदि एक रेखा दो संकेंद्रो वृत्तों को जिसका केंद्र 0 है, ABC और D पर प्रतिछेद करें तो सिद्ध कीजिये AB = CD है।




प्रश्न 36 - एक वृत्त की 5cm तथा 11cm लम्बी दो जीवाएं AB और CD समान्तर है और केंद्र की विपरीत दिशा में स्थित है। यदि AB और CD के बीच की दूरी 6 CM हो तो वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिये।

प्रश्न 37 - चित्रानुसार ABCD एक चक्रीय चतुर्भुज है, जिसमे AC और BD विकर्ण हैं। यदि $\angle DBC = 55^0$ तथा $\angle BAC = 45^0$ हो तो $\angle BCD$ ज्ञात कीजिये।




प्रश्न 38 - सिद्ध करो की तुल्य जीवाएं केंद्र पर तुल्य कोण अंतरित करती हैं।

प्रश्न 39 - A,B और C किसी वृत्त पर स्थित तीन बिंदु हैं सिद्ध कीजिये कि AB, BC और CA के लम्ब समद्दिभाजक वृत्त के केंद्र से होकर जाते हैं।

प्रश्न 40 - यदि किसी समद्दिबाहू त्रिभुज के आधार के समान्तर कोई रेखा उसकी बराबर भुजाओं को प्रतिछेद करने के लिए खींची जाये, तो सिद्ध कीजिये कि इस प्रकार बना चतुर्भुज चक्रीय होता है।

प्रश्न 41 - सिद्व कीजिए कि सर्वांगसम वृत्तों की बराबर जीवाएं उनके केन्द्रों पर बराबर कोण अंतरित करती हैं।

प्रश्न 42 - सिद्व कीजिए कि यदि सर्वांगसम वृत्तों की जीवाएं उनके केन्द्रों पर बराबर कोण अंतरित करें तो जीवाएं बराबर होती हैं।

प्रश्न 43 - सिद्व कीजिए कि वृत्त के केन्द्र से एक जीवा को समद्विभाजित करने के लिए खींची गई रेखा जीवा पर लंब होती है।

प्रश्न 44 - 5सेमी. तथा 3 सेमी. त्रिज्या वाले दो वृत्त दो बिन्दुओं पर प्रतिच्छेद करते है तथा उनके केन्द्रों के बीच की दूरी 4सेमी. है। उभयनिष्ठ जीवा की लंबाई ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 45- 20मी. त्रिज्या का एक गोल पार्क (वृत्ताकार) एक कालोनी में स्थित है तीन लड़के अंकुर, सैय्यद तथा डेविड इसकी परिसीमा पर बराबर दूरी पर बैठे है और प्रत्येक के हाथ में एक खिलौना टेलीफोन आपस में बात करने के लिए है। प्रत्येक फोन की डोरी की

लंबाई ज्ञात कीजिए।

**प्रश्न 46** - यदि वृत्त की दो समान जीवाएं वृत्त के अंदर प्रतिच्छेद करें तो सिद्व कीजिए कि एक जीवा के खण्ड दूसरी जीवा के संगत खण्डों के बराबर हैं।

## उत्तर (अध्याय–10)

प्रश्न–1 (i) अ (ii) स (iii) ब (iv) द (v) स (vi) अ (vii) ब (viii) द (ix) स (x) ब (xi) ब

प्रश्न–2 (i) अभ्यंतर (ii) बर्हिभाग (iii) अर्द्ववृत्त (iv) जीवा (v) ब्यास (vi) $90^0$ **या समकोण** (vii) $180^0$ **या संपूरक कोण** (viii) **सर्वांसम व बराबर** (ix) **समद्विभाजित** (x) **जीवा** (xi) **बराबर**

प्रश्न–3 (i) सत्य (ii) असत्य (iii) असत्य (iv) सत्य (v) असत्य (vi) सत्य
(vii) **सत्य** (viii) **सत्य** (ix) **असत्य** (x) **सत्य** (xi) **सत्य** (xii) **सत्य** (xiii) **असत्य** (xiv) **असत्य**

प्रश्न–4 (i) 3(तीन) (ii) ब्यास (iii) वृत्त किसी तल के उन सभी बिन्दुओं का समूह होता है, जो तल के एक स्थिर बिन्दु से समान दूरी पर हों। (iv) स्थित होता है।
(v) **समकोण** (vi)**न्यून कोण** (vii)**अधिक कोण** (viii)**आयत**
(ix) **वर्ग** (x) **दूरी** (xi) **शुन्य** (xii) **बराबर** (xiii) **अभ्यंतर**

प्रश्न (5) (i) (स) (ii) (फ) (iii) (इ) (iv) (अ) (v) (ब) (vi) (द)

# अध्याय-12 हीरोन का सूत्र

**स्मरणीय बिन्दुः–**

(i) किसी त्रिभुज का क्षेत्रफल= $\frac{1}{2}$ (आधार×ऊँचाई)

(ii) यदि किसी विषमबाहु त्रिभुज की भुजाओं की लम्बाईयां क्रमशः a b और c हो तो अर्ध परिमाप $S = \frac{a+b+c}{2}$ , $2S = a + b + c$

(iii) हीरोन का सूत्र $\Delta$ का क्षेत्रफल= $\sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$

**प्रश्न क्रमांक–1) सही विकल्प चुनकर लिखिये।**

(i) किसी त्रिभुज जिसकी भुजाएँ $a, b$ और c हों तो इसकी अर्द्धपरिमाप s होती है।

(अ) $a + b + c$ (ब) $\frac{a+b+c}{2}$

(स) $2(a+b+c)$ (द) $\frac{a+b+c}{3}$

(ii) किसी त्रिभुज का क्षेत्रफल होता है।

(अ) आधार × ऊँचाई (ब) आधार − ऊँचाई

(स) $\frac{1}{2}$आधार × ऊँचाई (द) आधार + ऊँचाई

(iii) किसी त्रिभुज का आधार 4 सेमी और ऊँचाई 6 सेमी हो तो त्रिभुज का क्षेत्रफल होगा।

(अ)12 वर्ग सेमी (ब) 10 वर्ग सेमी

(स) 6 वर्ग सेमी (द) 8 वर्ग सेमी

(vi) किसी त्रिभुज का आधार 12 सेमी तथा शीर्षलम्ब 8 सेमी हो तो त्रिभुज का क्षेत्रफल होगा।

(अ) 12 वर्ग सेमी (ब) 40 वर्ग सेमी

(स) 48 वर्ग सेमी (द) 70 वर्ग सेमी

(vii) हीरोन का सूत्र होता हैः–

(अ) $s(s-a)(s-b)(s-c)$ (ब) $s(s+a)(s+b)(s+c)$

(स) $\sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$ (द) $\sqrt{s(s+a)(s+b)(s+c)}$

**प्रश्न क्रमांक–2) सत्य/असत्य लिखिए।**

i. त्रिभुज का क्षेत्रफल = $\frac{1}{2}$(आधार × ऊँचाई ) होता है।

ii. विषमबाहु त्रिभुज के क्षेत्रफल का सूत्र $= s(s-a)(s-b)(s-c)$ होता है जहां $a, b, c$ त्रिभुज की भुजाएं तथा $s$ अर्द्धपरिमाप है।

iii. हीरोन का सूत्र केवल समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात करने में प्रयुक्त होता है।

iv. त्रिभुज का क्षेत्रफल= $\frac{1}{2}$ (आधार × ऊँचाई) होता है।

v. एक त्रिभुज का क्षेत्रफल होता है उसका आधार × शीर्षलम्ब

vi. किसी त्रिभुज जिसकी भुजाएं a,b और c हों तो इसका अर्ध परिमाप $s = \frac{a+b+c}{2}$ होता है।

vii. यदि किसी त्रिभुज का आधार 12 सेमी तथा शीर्षलम्ब 8 सेमी वाले त्रिभुज का क्षेत्रफल 48 वर्ग सेमी है।

**प्रश्न(3) एक वाक्य में उत्तर लिखिए:–**

(i) त्रिभुज का क्षेत्रफल संबंधी हीरोन का सूत्र लिखिए।

(ii) हीरोन का जन्म कहां हुआ था ?

(iii) किसी त्रिभुज की भुजाओं के योग को क्या कहते है ?

(iv) किसी त्रिभुज का क्षेत्रफल निकालने का सूत्र लिखिए ?

(v) किसी त्रिभुज के अर्ध परिमाप का सूत्र लिखिए।

**प्रश्न क्रमांक–4 सही जोड़िया बनाकर लिखिए :–**

| स्तम्भ ''अ'' | स्तम्भ ''ब'' |
|---|---|
| (i) हीरोन के सूत्र में $s =$ | (अ) आधार × शीर्षलम्ब |
| (ii) त्रिभुज का क्षेत्रफल = | (ब) $\frac{a^2}{4}\sqrt{3}$ |
| (iii) विषम बाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल | (स) $\frac{a+b+c}{2}$ |
| (iv) समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल | (द) $\frac{1}{2}$ ×आधार × ऊँचाई |
| (v) समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल | (ई) $\sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$ |

प्रश्न(5)– किसी त्रिभुज का आधार 16 सेमी तथा शीर्षलम्ब (ऊँचाई) 8 सेमी हो तो त्रिभुज का क्षेत्रफल निकालों।

प्रश्न(6)– एक समांतर चतुर्भज का आधार और संगत शीर्षलम्ब क्रमशः 10 सेमी और 3.5 सेमी है। तो उसका समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल निकालों।

प्रश्न(7)– किसी त्रिभुज की भुजाएं क्रमशः 40 मीटर, 24 मीटर व 32 मीटर हो तो उसका अर्ध परिमाप क्या होगा।?

प्रश्न(8)– एक त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसकी दो भुजाएं 8 सेमी और 11 सेमी है और जिसका परिमाप 32 सेमी है।

प्रश्न(9)– एक त्रिभुजाकार पार्क $ABC$ की भुजाएं 120 मीटर, 80 मीटर और 50 मीटर है। एक मालिन धनिया को इसके चारों और एक बाड़ लगानी है और इसके अन्दर घास ऊगानी है। उसे कितने क्षेत्रफल में घास उगानी है?

प्रश्न(10)– एक त्रिभुजाकार भूखण्ड (प्लाट) की भुजाओं का अनुपात 3:5:7 है और उसका परिमाप 300 मीटर है। इस भूखण्ड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

प्रश्न(11)– उस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसकी दो भुजाएं 18 सेमी और 10 सेमी है तथा उसका परिमाप 42 सेमी है।

प्रश्न(12)— एक त्रिभुज की भुजाओं का अनुपात 12:17:25 है और उसका परिमाप 540 सेमी है। इस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

प्रश्न(13)— एक समद्विबाहु त्रिभुज का परिमाप 30 सेमी है और उसकी बराबर भुजाएं 12 सेमी लम्बाई की है। इस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

प्रश्न(14)— एक त्रिभुजाकार पार्क $ABC$ की भुजाएं 120 मीटर, 80 मीटर और 50 मीटर है पार्क का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

प्रश्न(15)— एक यातायात संकेत बोर्ड पर ''आगे स्कूल है'' लिखा है और यह भुजा a वाले एक समबाहु त्रिभुज के आकार का है। हीरोन के सूत्र का प्रयोग करके इस बोर्ड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। यदि संकेत बोर्ड का परिमाप 180 सेमी है तो इसका क्षेत्रफल क्या होगा।

प्रश्न(16)— किसी पार्क में एक फिसल पट्टी बनी हुई है जिसकी पार्श्वीय दीवारों में से एक दीवार पर किसी रंग से पेन्ट किया गया है और उस पर पार्क को हरा भरा और साफ रखिए लिखा हुआ है। यदि इस दीवार की भुजाएं 15 मीटर, 11 मीटर और 6 मीटर है तो रंग से पेन्ट हुये भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

प्रश्न(17)— किसी फ्लाईओवर की त्रिभुजाकार दीवार को विज्ञापनों के लिये प्रयोग किया जाता है। दीवार की भुजाओं की लम्बाईयां 122 मीटर, 22 मीटर और 120 मीटर है। इस विज्ञापन से प्रतिवर्ष 5000 प्रति वर्गमीटर की प्राप्ति होती है। एक कम्पनी ने एक दीवार को विज्ञापन देने के लिये 3 महिने के लिये किराये पर लिया है। उसने कुल कितना किराया दिया।


प्रश्न 18) एक त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसकी दो भुजाएँ 8 सेमी और 11 सेमी. है और जिसका परिमाप 32 सेमी. है।

प्रश्न 19) एक त्रिभुजाकार पार्क एबीसी की भुजाएं 120मी., 80मी. और 50मी. है। एक मालिन धनिया को इसके चारों और एक बाड़ लगानी है और इसके अंदर घास ऊगानी है। उसे कितने क्षेत्रफल में घास उगानी है ?

प्रश्न 20) एक यातायात संकेत बोर्ड पर "आगे स्कूल है" लिखा है और यह भुजा 'अ' वाले एक समबाहु त्रिभुज के आकार का है। हीरोन के सूत्र का प्रयोग करके इस बोर्ड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। यदि संकेत बोर्ड का परिमाप 180सेमी. है तो इसका क्षेत्रफल क्या होगा।

प्रश्न 21) एक त्रिभुजाकार भूखण्ड (प्लाट) की भुजाओं का अनुपात 3 : 5 : 7 है और उसका परिमाप 300मी. है। इस भूखण्ड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 22) किसी पार्क में एक फिसल पट्टी (*Slide*) बनी हुई है। इसकी पार्श्वीय दीवारों में से एक दीवार पर किसी रंग से पेंट किया गया है और उस पर "पार्क को हरा—भरा और साफ रखिए" लिखा हुआ है यदि दीवार की विमाएँ 15मी, 11मी. और 6मी. है तो रंग से पेंट हुए भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।




प्रश्न 23) एक समद्विबाहु त्रिभुज की परिमाप 30सेमी. है और उसकी बराबर भुजाएं 12 सेमी. लंबाई की है त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 24) एक त्रिभुज की भुजाओं का अनुपात 12 : 17 : 25 और उसका परिमाप 540 सेमी. है इस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 25) उस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसकी दो भुजाएँ 18सेमी. और 10सेमी. हैं तथा उसका परिमाप 42सेमी. है।

## उत्तर (अध्याय–12)

प्रश्न क्रमांक–1 (i) ब (ii) स (iii) अ (iv) स (v) अ (vi) स (vii) स

प्रश्न क्रमांक–2 (i) असत्य (ii) सत्य (iii) असत्य (iv) सत्य (v) सत्य

प्रश्न (3) (i) $\sqrt{(s-a)(s-b)(s-c)}$ (ii) अलेक्जेण्ड्रिया (मिस्र) में

(iii) परिमाप (iv) $\frac{1}{2}$ ×आधार×ऊँचाई (v) $s = \frac{a+b+c}{2}$

प्रश्न (4) (i) (स) (ii) (द) (iii) (इ) (iv) (ब) (v) (अ)

## अध्याय-13 पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन

**स्मरणीय बिन्दुः–**

(i) वे आकृतियां जिन्हे हम अपनी अभ्यास पुस्तिका अथवा श्यामपट पर खींच सकते है जो कि समतल आकृतियां कहलाती है। जैसे आयत,वृत्त, वर्ग आदि।

(ii) इस अध्याय में कुछ ठोस आकृतियां (जिन्हे प्राय ठोस कहते है) जैसे शंकु और गोला के पृष्ठीय क्षेत्रफलों एवं आयतनों के बारे में अध्ययन करेगें।

(iii) शिक्षकों से अपेक्षित है कि सभी ठोस आकृतियों के प्रतिरूप (मांडल आकृतियां) छात्रों को दिखाए जिससे छात्र आकृतियों के पृष्ठीय क्षेत्रफल, सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल व आयतन की अवधारणा को समक्ष सकें।

(iv) विभिन्न सूत्रों के चार्ट वगैरह छात्रों से क्रियाकलाप के माध्यम से तैयार कराकर कक्षा की दीवारों में लगवाएं और हो सके तो प्रतिदिन इन सूत्रों का मौखिक दोहराव कराएं।

**प्रश्न क्रमांक–1) उचित विकल्प चुनकर लिखिए।**

i. निम्नलिखित में से कौन सी समतल आकृति नहीं है।
   (अ) आयत (ब) वर्ग
   (स) घन (द) वृत्त

ii. निम्नलिखित में से ठोस आकृति नहीं है।
   (अ) घनाभ (ब) वर्ग
   (स) बेलन (द) शंकु

iii. गोले के आयतन का सूत्र हैः (जिसमें संकेतों के सामान्य अर्थ हैं)
   (अ) $\frac{2}{3}\pi r^3$ (ब) $\frac{1}{3}\pi r^2 h$
   (स) $\frac{4}{3}\pi r^3$ (द) $4\pi r^2$

iv. निम्न लिखित में से कौन सी समतल आकृति हैः–

   (अ) घन (ब) वर्ग (स) बेलन (द) शंकु

v. गोले के आयतन का सूत्र है।

   (अ) $\frac{2}{3}\pi r^3$ (ब) $\pi r^2 h$ (स) $\frac{4}{3}\pi r^3$ (द) $4\pi r^2$

vi. शंकु का आयतन हैः–

   (अ) $\pi r^2 h$ (ब) $\frac{4}{3}\pi r^2 h$ (स) $\frac{1}{3}\pi r^2 h$ (द) $4a^2 h$

vii. गोले के पृष्ठीय क्षेत्रफल का सूत्र :–

   (अ) $\frac{1}{3}\pi r^2 h$ (ब) $\pi r^2$ (स) $2\pi rh$ (द) $4\pi r^3$

**प्रश्न–2) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. शंकु के ............................. का सूत्र है, $\pi rl$ (जहां संकेतो के सामान्य अर्थ हैं।
2. अर्द्ध गोले के कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल = .........................
3. शंकु का आयतन ...................................................होता है।
4. अर्धगोले का आयतन.....................................................होता है।
5. शंकु का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल = ......................... होता है।
6. गोले का आयतन.....................................................होता है।

**प्रश्न क्रमांक–3 सही जोड़िया बनाकर लिखिएः–**

| स्तम्भ ''अ'' | स्तम्भ ''ब'' |
|---|---|
| (i) शंकु का आयतन | (a) $\pi r(r+l)$ |
| (ii) अर्ध गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल | (b) $\frac{4}{3}\pi r^3$ |
| (iii) शंकु का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल | (c) $\frac{2}{3}\pi r^3$ |
| (iv) शंकु का पृष्ठीय क्षेत्रफल | (d) $3\pi r^2$ |
| (v) अर्धगोले का आयतन | (e) $\frac{1}{3}\pi r^2 h$ |
| (vi) गोले का आयतन | (f) $\pi rl$ |

**प्रश्न क्रमांक–4 सत्य/असत्य लिखिएः–**

(i) वृत्त एक समतल आकृति नहीं है।

(ii) अर्ध गोले का आयतन $=\frac{2}{3}\pi r^3$ जहां $r$ अर्ध गोले की त्रिज्या है।

(iii) अर्ध गोले के पृष्ठीय क्षेत्रफल और सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल में अनुपात 2:3 होता है।

(iv) शंकु के पार्श्व पृष्ठ का क्षेत्रफल $\pi rl$ होता है।

(v) गोले का आयतन $\frac{4}{3}\pi r^3$ होता है।

(vi) गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल $4\pi r^2$ होता है।

(vii) अर्द्धगोले का का आयतन = $\frac{2}{3}\pi r^3$ जहां, r अर्द्धगोले की तृज्या है।

(viii) अर्द्धगोले के पृष्ठीय क्षेत्रफल और संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल में अनुपात 2:3 होता है।

**प्रश्न–5) एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए।**

i. शंकु के आयतन ज्ञात करने हेतु सूत्र लिखिए।(जहां संकेतों के सामान्य अर्थ हों)

ii. एक शंकु की ऊँचाई एवं तिर्यक ऊँचाई क्रमशः 12सेमी. और 13सेमी. है तो इसके आधार की तृज्या क्या होगा।

iii. शंकु के कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल का सूत्र लिखिए।(जहां संकेतों के सामान्य अर्थ हों)

iv. 3 सेमी. तृज्या वाले गोले का आयतन क्या होगा।

v. शंकु के आयतन ज्ञात करने हेतु सूत्र लिखिए।(जहां संकेतों के सामान्य अर्थ हों)

vi. शंकु के कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल का सूत्र लिखिए।(जहां संकेतों के सामान्य अर्थ हों)

vii. 3 सेमी त्रिज्या वाले गोले का आयतन क्या होगा

viii. एक शंकु की ऊँचाई एवं तिर्यक ऊँचाई क्रमशः 12 सेमी और 13 सेमी है तो इसके आधार की त्रिज्या क्या होगी।

प्रश्न–6) एक शंकु की ऊँचाई 16 cm है और आधार की त्रिज्या 12 cm है। इस शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = 3.14$ का प्रयोग कीजिए)

प्रश्न–7) एक शंकु का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसकी तिर्यक ऊँचाई 21मी. है और आधार का ब्यास 24मी. है।

प्रश्न–8) एक शंकु के आधार का व्यास 10.5सेमी. है और इसकी तिर्यक ऊँचाई 10सेमी. है। इसका वक्रपृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

प्रश्न–9) निम्न व्यास वाले गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(1) 14सेमी. (2) 21सेमी. (3) 3.5 सेमी. (4) 28सेमी.

प्रश्न–10) 10सेमी. त्रिज्या वाले एक अर्द्ध गोले का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए ($\pi = 3.14$ लीजिए)

प्रश्न–11) उस गोले की तृज्या ज्ञात कीजिए जिसका पृष्ठीय क्षेत्रफल 154सेमी$^2$ है।

प्रश्न–12) उस लंब वृत्तीय शंकु का आयतन ज्ञात कीजिए, जिसकी

(1) त्रिज्या 6सेमी. और ऊँचाई 7सेमी है

(2) त्रिज्या 3.5 सेमी. ऊँचाई 12सेमी. है

प्रश्न–13) एक शंकु की ऊँचाई 15सेमी है। यदि इसका आयतन 1570 सेमी$^3$ है तो आधार की तृज्या ज्ञात कीजिए।

प्रश्न–14) एक लम्बवृत्तीय शंकु का आयतन 9856सेमी$^3$ है। यदि इसके आधार का व्यास 28सेमी. है तो निम्न ज्ञात कीजिए।

(1) शंकु की ऊँचाई

(2) शंकु की तिर्यक ऊँचाई

(3) शंकु का पृष्ठीय क्षेत्रफल

प्रश्न–15) उस गोले का आयतन ज्ञात कीजिए जिसकी तृज्या निम्न है।

(1) 7सेमी. (2) 0.63सेमी.

(3) 28सेमी. (4) 0.21सेमी.

प्रश्न–16) धातु की एक गेंद का व्यास 4.2 सेमी. है। यदि इस धातु का घनत्व 8.9 ग्राम/सेमी.$^3$ है तो इस गेंद का द्रव्यमान ज्ञात कीजिए।

प्रश्न–17) चन्द्रमा का ब्यास पृथ्वी के ब्यास का लगभग एक चौथाई है। तो चन्द्रमा का आयतन पृथ्वी के आयतन की कौन सी भिन्न है ?

प्रश्न 18) 14 सेमी व्यास वाले गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल निकालो।

प्रश्न 19) एक लंब वृत्तीय शंकू का वक्रपृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसकी तिर्यक ऊँचाई 10 सेमी है और आधार की त्रिज्या 7 सेमी है।

प्रश्न 20) उस गोले का त्रिज्या ज्ञात कीजिए जिसका पृष्ठीय क्षेत्रफल 154 वर्ग सेमी है।

प्रश्न 21) गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। जब उसकी त्रिज्या 10.5 सेमी हो।

प्रश्न 22) एक शंकु का आयतन ज्ञात करो जिसकी त्रिज्या 6 सेमी एवं ऊँचाई 7 सेमी हो।

प्रश्न 23) 7 सेमी त्रिज्या वाले गोले का आयतन ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 24) एक शंकु का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसकी तिर्यक ऊँचाई 21 मीटर है और आधार का व्यास 24 मीटर है।

प्रश्न 25) 10 सेमी त्रिज्या वाले एक अर्धगोले का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए $(\pi = 3.14)$लीजिए)

प्रश्न 26) 7 सेमी त्रिज्या वाले एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 27) 11.2 सेमी त्रिज्या वाले गोले का आयतन ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 28) एक अर्ध गोलाकार कटोरे की त्रिज्या 3.5 सेमी है इसके अन्दर भरे जा सकने वाले पानी का आयतन ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 29) उस गोले का आयतन ज्ञात कीजिए जिसका पृष्ठीय क्षेत्रफल 154 वर्ग सेमी है।

प्रश्न 30) एक शंकु की ऊँचाई 15 सेमी है यदि इसका आयतन 1570 घन सेमी है तो इसके आधार की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

## उत्तर (अध्याय–13)

प्रश्न–1 (i) स (ii) ब (iii) स (vi) ब (v) ब (vi) ब (vii) द (viii) स (ix) ब

(x) स (xi) स (xii) ब (xiii) अ (xiv) द

प्रश्न–2 (i) घनाभ (iii) $2\pi rh$ (3) पृष्ठीय क्षेत्रफल (iv) $3\pi r^2$ (v) $\sqrt[2]{3}\,a$

(vi) $d = \sqrt{l^2 + b^2 + h^2}$ (vii) 6सेमी (viii) 6 (ix) $\frac{1}{3}\pi r^2 h$ (x) $\pi r^2 h$

प्रश्न3 (i) → (उ) (ii) → (ई) (iii) → (द) (iv) → (इ) (v) → (अ)

(vi) → (ब) (vii) → (स)

प्रश्न–4 (i) असत्य (ii) सत्य (iii) सत्य (iv) असत्य (v) (उ)

(vi) (ई) (iii) (द) (iv) (इ) (v) (अ) (vi) (ब) (vii) (स)

प्रश्न (5) (1) $\frac{1}{3}\pi r^2 h$ (2) 5cm (3) $\pi r(r + l)$ (4) 36 $\pi$ घन सेमी. (5) $\pi r^2 h$

(vi) $v = l \times b \times h$ (vii) $2\pi r(r + h)$ (viii) $a^3$ (ix) $\frac{1}{3}\pi r^2 h$

(xi) $\pi r^2 h$ (xi) $\pi r(l + r)$ (xii) $36\pi$ घनसेमी (xiii) 5 सेमी

## अध्याय-14 सांख्यकी

**स्मरणीय बिन्दु**

- एक निश्चित उद्देश्य से एकत्रित किए गए तथ्यों या अंको को आंकड़े कहा जाता है।
- जब कोई शोधकर्ता निश्चित उद्देश्य से आंकड़े एकत्रित करता है तो वे प्राथमिक आंकड़े कहलाते है
- ऐसे आंकडे जो किसी एक व्यक्ति द्वारा किसी अन्य संदर्भ में एकत्रित किए गए हो और शोधकर्ता उन्हे अपने प्रयोग में ले तो वे गौण आंकड़े कहलाते है।
- आंकड़ो के अधिकतम एवं न्यूनतम मानों के अन्तर को आंकड़ो का परिसर कहते है।
- किसी वर्ग की उच्च सीमा एवं निम्न सीमा के अन्तराल को वर्गान्तर कहते है।
- प्रेक्षणों के सभी मानों के योग को प्रेक्षणों की कुल संख्या से भाग देने पर माध्य प्राप्त होता है। इसे $\overline{x}$ से प्रकट किया जाता है

$$\overline{x} = \frac{x_1 + x_2 + x_3 \ldots\ldots\ldots. + x_n}{n}$$

अवर्गीकृत बारंबारता वंटन के लिए यह

$$\overline{x} = \frac{f_1.x_1 + f_2.x_2 + f_3.x_3 \ldots\ldots\ldots + f_n.x_n}{N}$$ होता है ।

जहां $N = 1 + 2 + 3 + \cdots + n$

- आंकड़ो को आरोही या अवरोही क्रम में करने पर सबसे मध्य वाले प्रेक्षण का मान होता है।
- यदि $n$ विषय संख्या है तो माध्यक $= \left(\frac{n+1}{2}\right)$वें प्रेक्षण का मान
- यदि $n$ सम संख्या है तो माध्यक $= \left(\frac{n}{2}\right)$वें और $\left(\frac{n}{2} + 1\right)$वें प्रेक्षण के मानों का माध्य ।
- बहुलक सबसे अधिक बार आने वाला प्रेक्षण का मान होता है ।

**प्रश्न क्रमांक–1) सही विकल्प चुनकर लिखिये।**

(i) संख्याओं 2, 4, 6, 8, 10 का माध्य है।

(अ) 4 (ब) 6 (स) 8 (द) 6.5

(ii) आँकड़ो 9, 1, 7, 3, 5 का माध्यक होगा।

(अ) 3 (ब) 7 (स) 1 (द) 5

(iii) आँकड़ों 14, 25, 14, 28, 18, 17, 18, 14, 23, 22, 14, 18 का बहुलक निम्न में से क्या होगा।

(अ) 14 (ब) 18 (स) 22 (द) 23

(iv) निम्नलिखित में से केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप नहीं है।

(अ) माध्यक (ब) माध्य (स) मीटर (द) बहुलक

(v) एक निश्चित उद्देश्य एकत्रित किये गये तथ्यों को क्या कहते हैं –

(अ) संकेत (ब) अंक
(स) आंकडे (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

(vi) जब कोई शोधकर्ता एक निश्चित उद्देश्य रखकर आंकडे एक्त्रित करता है तो उन आंकडों को कहते हैं –

(अ) प्राथमिक आंकडे (ब) द्वितीयक आंकडे
(स) तृतीयक आंकडे (द) उपरोक्त सभी

(vii) आंकडों का अधिकतम व न्यूनतम अंतर कहलाता है–

(अ) माध्य (ब) परिसर

(स) माध्यक (द) बहुलक

(viii) केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप में किसका अध्ययन किया जाता है –

(अ) माध्य (ब) माध्यक

(स) बहुलक (द) उपरोक्त सभी

(ix) सबसे अधिक बार आने वाला प्रेक्षण होता है –

(अ) बहुलक (ब) माध्य

(स) माध्यक (द) आयत चित्र

(x) प्रथम पांच प्राकृत संख्याओं का माध्य होगा –

(अ) 2 (ब) 3

(स) 5 (द) 0

(xi) आंकडे 7,1,3,9,5 का माध्यक होगा –

(अ) 3 (ब) 7

(स) 1 (द) 5

(xii) 10,12,13,12,11,14,12,10,15,12,9 आंकडों का बहुलक है –

(अ) 10 (ब) 12

(स) 9 (द) 6

**प्रश्न क्रमांक–2) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

i. एक निश्चित उद्देश्य से एकत्रित किए गए तथ्यों या अंकों को ............................कहा जाता है।
ii. ...................... अध्ययन का व क्षेत्र है जिसमें जिसमें आंकड़ों के प्रति प्रस्तुतिकरण, विश्लेषण तथा निर्वचन पर विचार किया जाता है।
iii. आंकडों के अधिकतम एवं न्यनूतम मानों का अंतर आंकडों का ...............कहलाता है।
iv. सबसे अधिक बार आने वाले प्रेक्षण को ..................कहते हैं।
v. संख्या 7,8 और 9 का माध्य.....................होता है।
vi. किसी वर्ग की उच्च सीमा और निम्न सीमा के अंतर को .................कहते हैं।
vii. एक निश्चित उद्देश्य से एकत्रित किये गये तथ्यों या अंकों को ...............कहा जाता है।
viii. वर्ग अंतराल 80-90 में 80 वर्ग की ................वर्गसीमा है।
ix. 9,5,3,4,7,3 का परिसर...................होता है।
x. आंकडों को आरोही या अवरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर मध्य पद ...........कहलाता है।

**प्रश्न क्रमांक–3) सत्य/असत्य लिखिए।**

i. अधिकतम बारंबारता वाले प्रेक्षण को बहुलक कहा जाता है।
ii. माध्यक दिए गए प्रेक्षणों में वह मान होता है जो इसे ठीक–ठीक दो भागों में विभक्त कर देता है।
iii. सबसे अधिक बार आने वाले प्रेक्षण को बहुलक कहा जाता है ।
iv. आंकडों के अधिकतम व न्यनूतम मानों के अंतर को आंकडों का परिसर कहते हैं।
v. वर्गअंतराल 50-60 में 50 वर्ग की उच्च वर्ग सीमा है ।
vi. वर्गअंतराल 10-20 में 20 वर्ग की उच्च वर्ग सीमा है।
vii. दंड चित्र सदैव उध्वाधार बनाये जाते हैं

viii. 4,3,9,2,6,6,8 का परिसर 5 होगा ।

ix. माध्यक आंकडों को आरोही या अवरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर मध्य पद होता है।

x. माध्य आंकडों का औसत मान होता है।

**प्रश्न क्रमांक–4) एक शब्द /वाक्य में उत्तर दीजिए।**

i. प्रेक्षणों का माध्य ज्ञात करने के लिए सूत्र लिखिए।

ii. जब प्रेक्षणों की संख्या $n$ विषम होती है तब प्रेक्षणों को आरोही/अवरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर माध्यक कौन से प्रेक्षण का मान होता है।

iii. माध्य किसे कहते हैं।

iv. सबसे अधिक बार आने वाले प्रेक्षण को क्या कहते हैं ?

v. 2,4,2,7,4,5,5,ग का बहुलक 4 है तो ग का मान क्या होगा ?

vi. समांतर माध्य ज्ञात करने का सूत्र लिखो ?

vii. वर्ग 50-60 का परास ज्ञात करो ?

viii. संख्या 3,4 व 5 का समांतर माध्य ज्ञात करो ?

ix. प्रथम पांच सम प्राकृत संख्याओं का माध्य क्या होगा ?

x. 3,5,4,4,2,3,4,5,6 का बहुलक ज्ञात करो ?

xi. आंकडों 5,3,1,9,7 का माध्यक क्या होगा ?

xii. आंकडों का औसत मान क्या कहलाता है ?

xiii. केन्द्रीय प्रवत्ति की माप कौन-2 सी हैं ?

**प्रश्न 5- सही जोडी बनाईये -**

| A | B |
|---|---|
| (i) माध्य,माध्यक और बहुलक | (अ) बहुलक |
| (ii) सबसे अधिक बार आने वाला प्रेक्षण | (ब) 6 |
| (iii) आंकडों का औसत मान | (स) माध्यक |
| (iv) वितरण को आरोही या अवरोही क्रम में करने पर मध्य पद | (द) केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप |
| (v) 5,6, और 7 का माध्य | (ड) 5 |
| (vi) 7,1,3,9,5 का माध्यक | (च) माध्य |
| (vii) वर्ग अंतराल 50-60 की उच्च वर्ग सीमा | (छ) 50 |
| (viii) वर्ग अंतराल 50-60 की निम्न वर्ग सीमा | (ज) 60 |

**प्रश्न क्रमांक–6)** एक विद्यालय में नवीं कक्षा के 30 विद्यार्थियों द्वारा (100 अंकों में से) प्राप्त किए गए अंक निम्नानुसार है।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 20 | 36 | 92 | 95 | 40 | 50 | 56 | 60 | 70 |
| 92 | 88 | 80 | 70 | 72 | 70 | 36 | 40 | 36 | 40 |
| 92 | 40 | 50 | 50 | 56 | 60 | 70 | 60 | 60 | 88 |

0–10 (जिसमें 10 सम्मिलित नहीं) को पहला अंतराल लेकर ऊपर दिए गए आंकड़ों से वर्ग माप 10 वाली एक वर्गीकृत बांरबारता बंटन सारणी बनाइए।

**प्रश्न क्रमांक–7)** एक टीम ने फुटबॉल के 10 मैचों में निम्नलिखित गोल किए।

2, 3, 4, 5, 0, 1, 3, 3, 4, 3

इन गोलों की संख्या के माध्य, माध्यक और बहुलक ज्ञात कीजिए।

**प्रश्न क्रमांक–8)** गणित की परीक्षा में 15 विद्यार्थियों ने (100 में से) निम्नलिखित अंक प्राप्त किए।

41, 39, 48, 52, 46, 62, 54, 40, 96, 52, 98, 40, 42, 52, 60

इन आंकड़ों के माध्य, माध्यक और बहुलक ज्ञात कीजिए।

**प्रश्न क्रमांक–9)** निम्नलिखित प्रेक्षणों को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया है। यदि आंकड़ों का माध्यक 63 हो तो $x$ का मान ज्ञात कीजिए।

29, 32, 48, 50, $x$, $x+2$, 72, 78, 84, 95

**प्रश्न क्रमांक–10)** निम्नलिखित सारणी से एक फैक्टरी में काम कर रहे 60 कर्मचारियों का माध्य वेतन ज्ञात कीजिए।

| वेतन (रूपयों में) | कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|
| 3000 | 16 |
| 4000 | 12 |
| 5000 | 10 |
| 6000 | 8 |
| 7000 | 6 |
| 8000 | 4 |
| 9000 | 3 |
| 10000 | 1 |
| कुल योग | 60 |

**प्रश्न क्रमांक–11)** 12,9,10,13,15 व 10 का माध्य ज्ञात कीजिये ?

**प्रश्न क्रमांक–12)** 10,7,8,7,10,11,11,12 और ग का बहुलक 11 है तो ग का मान ज्ञात कीजिये ?

**प्रश्न क्रमांक–13)** आंकडे 3,5,9,1,6,7 का माध्यक ज्ञात करो ?

**प्रश्न क्रमांक–14)** 3.2, 3.5, 3.2, 3.4, 3.7, 3.7, 3.2, 3.5 का बहुलक ज्ञात करो ?

**प्रश्न क्रमांक–15)** उन आंकडों के दो उदाहरण दीजिये जो हम अपने दैनिक जीवन में एकत्रित करते हैं ?

**प्रश्न क्रमांक–16)** 7.1, 7.3, 7.3, 7.9, 7.4, 7.2, 7.1, 7.5 का परिसर ज्ञात कीजिये ?

**प्रश्न क्रमांक–17)** प्रथम पांच सम प्राकृत संख्याओं का माध्य ज्ञात कीजिये ?

**प्रश्न क्रमांक–18)** यदि कक्षा 9वीं के 5 विद्यार्थियों का वजन 45 किग्रा, 50 किग्रा.,40 किग्रा,48 किग्रा एवं 52 किग्रा है तो माध्य वजन ज्ञात करो ?

**प्रश्न क्रमांक–19)** 2 के प्रथम 5 गुणज का माध्य ज्ञात करिये ?

**प्रश्न क्रमांक–20)** 20 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त किये गये अंकों का बहुलक ज्ञात करो-
4,6,5,9,3,2,7,7,6,5,4,9,10,10,3,4,7,6,9,9 ?

**प्रश्न क्रमांक–21)** यदि कक्षा 9 के एक विद्यार्थी के 5 विषय के प्राप्तांकों का योग 50 है तो माध्य ज्ञात करो ?

**प्रश्न क्रमांक–22)** 3,4,7,1,6,3,3 का माध्यक तथा बहुलक ज्ञात करो ?

**प्रश्न क्रमांक–23)** यदि 9वीं कक्षा के किसी विद्यार्थी के वार्षिक परीक्षा में 72 प्रतिशत आते हैं तो उसके 6 विषयों का योगफल कितना होगा ?

**प्रश्न क्रमांक–24)** 12 के गुणनखंडों का माध्य ज्ञात कीजिये ?

**प्रश्न क्रमांक–25)** प्रथम 5 प्राकृत संख्याओं का माध्य ज्ञात कीजिये ?

**प्रश्न क्रमांक–26)** 8वीं कक्षा के 30 विद्यार्थियों के रक्त समूह निम्न हैं–
A,B,O,AB,O,A,O,B,A,O,B,A,O,O,A,AB,O,A,A,O,O,AB,B,A,O,B,A,B,O इन आंकडों को एक बारंबारता बंटन सारणी के रूप में प्रस्तुत कीजिये । बताईये कि इन विद्यार्थियों में कौन सा रक्त समूह अधिक सामान्य और कौन सा रक्त समूह विरलतम रक्त समूह है ?

**प्रश्न क्रमांक–27)** एक टीम में फुटबाल के 10 मैचों में निम्न लिखित गोल किये –
2,3,4,5,0,1,3,3,4,3 इन गोलों के माध्य, माध्यक और बहुलक ज्ञात कीजिये ?

**प्रश्न क्रमांक–28)** गणित की परीक्षा में 15 विद्यार्थियों ने निम्न लिखित अंक प्राप्त किये –
41,39,48,52,46,62,54,40,96,52,98,40,42,52,60 इन आंकडों के माध्य,माध्यक एवं बहुलक ज्ञात कीजिये ?

**प्रश्न क्रमांक–29)** एक परिवार में जिसकी मासिक आय रूपये 20000/– है,विभिन्न मदों के अंतर्गत हर महीने होने वाले खर्चे की योजना बनाई थी –

| मद | खर्च (हजार रूपयों में) |
|---|---|
| ग्रासरी (परचून का सामान) | 4 |
| किराया | 5 |
| बच्चों की शिक्षा | 5 |
| दवाईयां | 2 |
| ईधन | 2 |
| मनोरंजन | 1 |
| विविध | 1 |

उपर दिये गये आंकडों का एक दंड आलेख बनाईये ?

**प्रश्न क्रमांक–30)** तीन सिक्कों को एक साथ 30 बार उछाला गया । प्रत्येक बार चित्त आने की संख्या निम्न हैं –
0,1,2,2,1,2,3,1,3,0,1,3,1,1,2,2,0,1,2,1,3,0,0,1,1,2,3,2,2,0
उपर दिये गये आंकडों के लिये एक बारंबारता बंटन सारणी बनाईये ?

**प्रश्न क्रमांक–31)** एक विद्यालय के 9वीं कक्षा के 30 विद्यार्थियों द्वारा (100 में से )प्राप्त किये गये अंक दिये गये हैं–
10,20,36,92,95,40,50,56,60,70,92,88,80,70,72,70,36,40,36,40,92,40,50,50,56,60,70,60,60,88
उपरोक्त आंकडों से बारंबारता बंटन सारणी बनाईये ?

**प्रश्न क्रमांक–32)** एक स्थानीय टेलीफोन निर्देशिका से 100 कुलनाम (सरनेम) यदृच्छया (रेंडमली) लिये गये और उनमें अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों की संख्या का निम्न बारंबारता बंटन प्राप्त किया गया –

| वर्णमाला के अक्षरों की संख्या | कुलनामों (सरनेम) की संख्या |
|---|---|
| 1-4 | 6 |
| 4-6 | 30 |
| 6-8 | 44 |
| 8-12 | 16 |
| 12-20 | 4 |

दी गई सूचनाओं को निरूपित करने वाला एक आयत चित्र खींचिये एवं वह वर्ग अंतराल बताईये जिसमें अधिकतम संख्या में कुलनाम हैं ?

**प्रश्न क्रमांक–33)** निम्न सारणी से फैक्ट्री में काम कर रहे 60 कर्मचारियों का माध्य वेतन ज्ञात कीजिये

| वेतन रूपयों में | 3000 | 4000 | 5000 | 6000 | 7000 | 8000 | 9000 | 10000 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कर्मचारियों की संख्या | 16 | 12 | 10 | 8 | 6 | 4 | 3 | 2 |

**प्रश्न क्रमांक–34)** निम्नलिखित प्रेक्षणों को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया है, यदि आंकडों का माध्यक 63 है तो $x$ का मान ज्ञात कीजिये –

29, 32, 48, 50, $x$, $x+2$, 72, 78, 84, 95

**प्रश्न क्रमांक–35)** एक परीक्षा में एक कक्षा के 51 विद्यार्थियों द्वारा 100 में से प्राप्त किये गये अंक निम्न सारणी में दिये गये हैं –

| अंक | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 | 60-70 | 70-80 | 80-90 | 90-100 | कुलयोग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 5 | 10 | 4 | 6 | 7 | 3 | 2 | 2 | 3 | 9 | 51 |

इस बारंबारता बंटन सारणी के संगत बारंबारता बहुभुज बनाईये ।

**प्रश्न क्रमांक–36)** एक पार्क में खेल रहे विभिन्न आयुवर्ग के बच्चों की संख्या का एक यदृच्छिक सर्वेक्षण (रेंडम सर्वे) करने पर निम्न लिखित आंकडे प्राप्त हुये –

| आयु (वर्षो में) | 1-2 | 2-3 | 3-5 | 5-7 | 7-10 | 10-15 | 15-17 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बच्चों की संख्या | 5 | 3 | 6 | 12 | 9 | 10 | 4 |

उपरोक्त दिये गये आंकडों को निरूपित करने वाला एक आयतचित्र बनाईये ।

**प्रश्न क्रमांक–37)** एक पौधे की 40 पत्तियों की लंबाईयां 1 मिमी तक शुद्ध मापी गई हैं और प्राप्त आंकडों को निम्नलिखित सारणी में निरूपित किया गया है –

| लंबाई (मिमी में) | पत्तियों की संख्या |
|---|---|
| 118-126 | 3 |
| 127-135 | 5 |
| 136-144 | 9 |
| 145-153 | 12 |
| 154-162 | 5 |
| 163-171 | 4 |
| 172-180 | 2 |

दिये हुये आंकडों को निरूपित करने वाला एक आयतचित्र खींचिये ।

**प्रश्न क्रमांक–38)** 30 दिन वाले महीने में एक नगर सापेक्ष आद्रता (प्रतिशत में) निम्न हैं –

98.1,98.6, 99.2, 90.3, 86.5, 95.3, 92.9, 96.3, 94.2, 95.1, 89.2, 92.3, 97.1, 93.5, 92.7, 95.1, 97.2, 93.3, 95.2, 97.3, 96.2, 92.1, 84.9, 90.2, 95.2, 98.3, 97.3, 96.1, 92.1, 89

(अ) वर्ग 84-86 और 86-88 आदि वर्गान्तर लेकर एक वर्गीकृत बारंबारता बंटन सारणी बनाईये ।

(ब) इन आंकडों का परिसर क्या है ?

**प्रश्न क्रमांक–39)** एक कंपनी एक विशेष प्रकार कार बैटरी बनाती है।इस प्रकार की 40 बैटरियों की जीवनकाल (वर्षो में) निम्न हैं–

2.6, 3.0, 3.7, 3.2, 2.2, 4.1, 3.5, 4.5, 3.5, 2.3, 3.2, 3.4, 3.8, 3.2, 4.6, 3.7, 2.5, 4.4, 3.4, 3.3, 2.9, 3.0, 4.3, 2.8, 3.5, 3.2, 3.9, 3.2, 3.2, 3.1, 3.7, 3.4, 4.6,3.8, 3.2, 2.6, 3.5, 4.2, 2.9 और 3.6

0.5 माप के वर्ग अंतराल लेकर तथा अंतराल 2-2.5 से प्रारंभ करके इन आंकडों की एक वर्गीकृत बारंबारता बंटन सारणी बनाईये ।

**प्रश्न क्रमांक–40)** 40 इंजीनियरों की उनके आवास से कार्य स्थल की दूरियॉ निम्न है।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 10 | 20 | 25 | 11 | 13 | 7 | 12 | 31 |
| 19 | 10 | 12 | 17 | 18 | 11 | 32 | 17 | 16 | 2 |
| 7 | 9 | 7 | 8 | 3 | 5 | 12 | 15 | 18 | 3 |
| 12 | 14 | 2 | 9 | 6 | 15 | 15 | 7 | 6 | 12 |

0–5 (जिसमें 5 सम्मिलित नहीं) को पहला अंतराल लेकर ऊपर दिए हुए आंकड़ों से वर्ग माप 5 वाली एक वर्गीकृत बारंबारता बंटन सारणी बनाइए।

## उत्तर (अध्याय 14)

**प्रश्न** 1 -

(v) स (vi) अ (vii) ब (viii) द (ix) अ (x) ब (xi) द (xii) ब

**प्रश्न** 2 -

(iii) परिसर (iv) बहुलक (v) 8 (vi) वर्गान्तर (vii) आंकडे (viii) निम्न

(ix) 6 (x) माध्यक

**प्रश्न** 3 -

(iii) सत्य (iv) सत्य (v) असत्य (vi) सत्य (vii) असत्य (viii) असत्य

(ix) सत्य (x) सत्य

**प्रश्न** 4 -(iv) बहुलक (v) x=4 (vi) समान्तर माध्य = $\frac{\text{आंकडों का योग}}{\text{आंकडों की संख्या}}$

(vii) 10 (viii) 4 (ix) 6 (x) 4 (xi) 5

(xii) माध्य (xiii) माध्य, माध्यक, बहुलक

**प्रश्न** 5 -

(i) द (ii) अ (iii) ड (iv) स (v) ब (vi) च (vii) ज (viii) छ